हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, बुधवार 25 मार्च 2026

11 घरेल गैस सिलेंडरों की मारामारी ग्रहणियों...



12 गांव देवसर में आज सप्तमी रात्रि को लगेगा मां भवानी...



## मुआवजे की मांग को लेकर जाटू लोहारी गांव के किसान सचिवालय पहुंचे


# खेतों में बर्बाद हो चुकी फसलों की विशेष गिरदावरी करवाने की मांग

**21 व 23 मार्च को बारिश के साथ हुई थी ओलावृष्टि**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

21 व 23 मार्च को बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि से बर्बाद हुई फसलों के मुआवजें की मांग को लेकर जाटू लोहारी गांव के किसान सचिवालय पहुंचे और उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान किसानों ने उनके खेतों में बर्बाद हुई फसलों की विशेष गिरदावरी करवाकर उनको मुआवजा दिलाया जाए। साथ ही ग्रामीणों ने विगत में बारिश के पानी से बर्बाद हुई फसलों का आज तक मुआवजा न मिलने की शिकायत की। इस पर उपायुक्त ने जल्द ही विशेष गिरदावरी करवाने तथा उचित मुआवजा दिलाए जाने का भरोसा दिलाया है।

ग्रामीणों ने उपायुक्त को सौंपे ज्ञापन में बताया कि 21 मार्च व 23 मार्च को अल सुबह हलकी बूंदाबांदी के साथ तेज ओलावृष्टि हुई। ओलावृष्टि के साथ तेज हवाए चली। जिससे गेहूं की फसल जमीन पर बिछ गई। साथ ही जिस गेहूं की बाल पर ओला लग गया। वह बाल काली पड़ जाएगी और गेहूं के दानों का पूरी तरह से विकास रूक जाएगा। दूसरी तरफ सरसों की फसल भी ओलावृष्टि से जमीन पर बिखर गई। जिस सरसों की कटाई नहीं हुई थी। वह भी झड़ने लगी है। दोनों दिनों में हुई ओलावृष्टि से किसानों को मोटा नुकसान हुआ है। उन्होंने उपायुक्त के माध्यम से सीएम नायब सिंह सैनी ने उनके खेतों की विशेष गिरदावरी करवाकर उचित मुआवजा दिलाया जाए। ताकि उनको कुछ हद तक ओलावृष्टि से हुए नुकसान की भरपाई हो सके। इस मौके पर सरपंच जयदेव तंवर, शिवचरण, पवन कुमार, विनोद कुमार, सत्ते, सुनील, पंच लवकुश,हीरा, कंवरपाल, जोनी, जोगेंद्र, कमल कुमार, प्रेमपाल के अलावा अनेक ग्रामीण मौजदू थे।





भिवानी। मुआवजे की मांग को लेकर उपायुक्त कार्यालय में जाते किसान और बिछी गेहूं की फसल का दृश्य। (फाइल फोटो)

■ अगस्त और सितम्बर में तेज बारिश की वजह से जाटू लोहारी में हुआ था जलभराव

### आठ माह बाद भी किसानों के हाथ खाली

गांव के पूर्व सरपंच जयदेव ने बताया कि अगस्त व सितम्बर माह में तेज बारिश की वजह से जाटू लोहारी के करीब ढाई से तीन हजार एकड भूमि में जलभराव हो गया था। मार्च के पहले सप्ताह तक खेतों का पानी की निकासी हो पाई है। खरीफ की फसल तो खतम हो चुकी थी और अब रबी फसल की बिजाई भी नहीं हो पाई है। गांव जाटू लोहारी को करीब 1000 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने कई बार मुआवजें की मांग की,लेकिन आज तक उनको मुआवजा नहीं मिल पाया है। उन्होंने उपायुक्त विगत में बर्बाद हुई फसलों का मुआवजा दिलाए जाने की मांग की।

## समान नागरिक संहिता की मांग को लेकर समिति ने किया प्रदर्शन


**भिवानी।** यहां नेहरू पार्क में जनसंख्या नियंत्रण संघर्ष समिति हरियाणा की जिला इकाई की बैठक जिला प्रधान संजय मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रधान संजय मिश्रा ने सरकार से गुहार लगाई कि समय रहते देश के पूर्ण रूप से विकास के लिए समान नागरिक संहिता कानून लागू किया जाये। हमारे देश में बेरोजगारी, भुखमरी दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। समान कानून संहिता लागू होने से जनसंख्या वृद्धि पर नियंत्रण किया जा सकता है। सेवानिवृत प्राचार्य शीलकराम शर्मा ने कहा कि सरकार द्वारा संविधान में दिए गए समानता के अधिकार पर जोर देना चाहिए तथा धर्मांतरण कानून सख्ती से लागू करना चाहिए। गौ हत्या कानून तथा जेहाद रोकने बारे कानून लागू करना चाहिए। उक्त मांगों को लेकर समिति पूरे देश में कार्य कर रही है तथा दिल्ली में जन्तर मन्तर पर क्रमिक अनशन चल रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक समान नागरिक संहिता लागू नहीं हो जाती समिति पूरे देश में संघर्ष जारी रखेगी।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर समाजसेवी चंद्रभान धारेड़ू, समाजसेवी प्रकाश चंद्र, ईश्वर खुंडिया बापोड़ा, धर्मेंद्र गोवर, विकास रावलधी, कुमुद मिश्रा, बलजीत नागर, अमित व सुभाष समेत अनेक लोग मौजूद रहे।



भिवानी। मांगों को लेकर नारेबाजी करते हुए। फोटो : हरिभूमि



भिवानी। गांव पालूवास में तेज हवा से बिछी गेहूं की फसल दिखाते हुए।

## अन्नदाताओं पर दोहरी मार गहरी नींद में सरकार : नरेश

■ बर्बाद की कगार पर पहुंचे किसान कर्ज के दुष्चक्र में फंसते जा रहे : नरेश तंवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

बीते चार-पांच दिनों से उत्तर भारत के कई हिस्सों में हो रही बेमौसम बारिश ने एक बार फिर किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दी हैं। लहलहाती फसलें, जो कटने को तैयार थीं, अब खेतों में बिछ चुकी हैं। यह सिर्फ फसल का नुकसान नहीं है, बल्कि एक किसान के पूरे साल के सपनों और मेहनत की बर्बादी है। तंवर मंगलवार को क्षेत्र के किसानों से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने खेतों में जाकर बारिश से बर्बाद हुई फसलों का मुआयना भी किया। किसानों की इस बदहाली पर कड़ा रुख अपनाते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता नरेश तंवर (जीएम) ने सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि अन्नदाता आज अपने ही हाल पर आंसू बहाने को मजबूर है, लेकिन सरकार की नींद नहीं टूट रही। तंवर ने याद दिलाया कि करीब 9 महीने पहले हुई भारी बारिश और जलभराव से जो नुकसान हुआ था, उसका मुआवजा अभी तक अधिकतर किसानों के खातों में नहीं पहुंचा है। यह प्रशासनिक सुस्ती का सबसे बड़ा उदाहरण है। उन्होंने कहा कि एक तरफ खाद और बीज के दाम आसमान छू रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ तैयार फसल कुदरत की भेंट चढ़ रही है तथा बर्बाद की कगार पर पहुंचे किसान कर्ज के दुष्चक्र में फंसते जा रहे है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि कागजी खानापूर्ति और गिरदावरी के लंबे इंतज़ार को छोडक़र, किसानों के लिए तुरंत एक विशेष राहत पैकेज जारी किया जाए। कांग्रेस नेता नरेश तंवर (जीएम) ने स्पष्ट किया कि यदि सरकार ने जल्द ही ठोस कदम नहीं उठाए, तो किसान आर्थिक रूप से पूरी तरह टूट जाएंगे। ऐसे में सरकार को चाहिए कि तुरंत प्रभाव से पुराने बकाया मुआवजे का तुरंत भुगतान करे, मौजूदा नुकसान के लिए विशेष आर्थिक सहायता दी जाए। तंवर जीएम ने कहा कि किसान केवल वोट बैंक नहीं है, वह इस देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। जब तक अन्नदाता खुशहाल नहीं होगा, तब तक देश की तरक्की की बातें बेमानी हैं। सरकार को जमीन पर किसानों का दर्द देखना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### दस्तावेज पूरे करने के लिए अंतिम तिथि बढ़ाई

**भिवानी।** जिन विद्यार्थियों ने डॉ. अम्बेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना के लिए आवेदन किया था, वे अब अपने दस्तावेज 27 मार्च तक पूरे करवा सकते हैं। दस्तावेज पूरा करवाने के लिए अंतिम तारीख को 20 मार्च से बढ़ाकर 27 मार्च किया गया है। जिला कल्याण अधिकारी देवेंद्र कुमार ने बताया कि दस्तावेज पूरा करवाने के लिए आवेदनकर्ता लघु सचिवालय स्थित समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय के कमरा नं. 161 में संपर्क सकते हैं।

### श्री जोगीनाथ समाजसेवा संघ की बैठक 29 को

**भिवानी।** श्री जोगीनाथ समाजसेवा संघ की बैठक रामसिंह वैद्य की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बताया कि श्री जोगीनाथ समाजसेवा संघ की मौजूदा कार्यकारिणी की बैठक 29 मार्च को होगी। बैठक मेंसंघ की कार्य प्रगति व आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया जाएगा और नई कार्यकारिणी का गठन भी होगा। ताकि संस्था के कार्य को सुचारू रूप से जारी रखा जा सके।

### हरियाणा गौरव अवार्ड-2026 का आयोजन 29 को



**भिवानी।** नवदुर्गा सेवा सहयोग संस्था द्वारा 29 मार्च, रविवार को स्थानीय कोंट रोड, मिनी बाईपास, काली माता मंदिर रोड स्थित दक्षिण काली नवदुर्गा मंदिर परिसर में हरियाणा गौरव अवार्ड-2026 का भव्य आयोजन किया जाएगा। जिसमें संयोजन के रूप में श्री नंदलाल चावला मेमोरियल ट्रस्ट है। कार्यक्रम को लेकर संस्था की ओर से प्रजापति जागृति मंच को निमंत्रण पत्र दिया । संस्था के संस्थापक सुरेश सैनी व पार्षद विनोद प्रजापति ने जानकारी देते हुए बताया कि इस आयोजन में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले खिलाड़ियों व अन्य हस्तियों को सम्मानित किया

## जिला बाल कल्याण समिति ने भिक्षावृत्ति में लिप्त बच्चों को करवाया मुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

**बच्चों के हाथों में कटोरा नहीं, किताबें होनी चाहिए: चेयरमैन प्रदीप**

भीख मांगने की बढ़ती समस्या पर अंकुश लगाने के लिए जिला बाल कल्याण समिति ने बड़ा अभियान चलाया है। समिति ने पुलिस विभाग के साथ संयुक्त रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर सड़कों और सार्वजनिक स्थानों से भीख मांग रहे बच्चों को अपने संरक्षण में लिया।

समिति के सदस्य धीरज सैनी ने बताया कि रेस्क्यू के दौरान केवल बच्चों को बचाना ही एकमात्र लक्ष्य नहीं था, बल्कि सामाजिक बुराई की जड़ पर प्रहार करना भी था। समिति सदस्यों ने रेस्क्यू किए गए बच्चों के परिजनों को मौके पर बुलाया। टीम ने परिजनों को समझाया कि बच्चों से भीख मंगवाना न केवल अपराध है, बल्कि ये उनके भविष्य को अंधकार में धकेलने जैसा है। उन्हें बच्चों को स्कूल भेजने और शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया। सफल ऑपरेशन को जिला बाल कल्याण समिति के प्रमुख सदस्यों और पुलिसबल की उपस्थिति में अंजाम दिया, जिनमें चेयरमैन प्रदीप सिंह तंवर के अलावा सदस्य सतेंद्र तंवर, नीलम रानी, दिनेश अत्री, धीरज सैनी शामिल रहे। समिति ने कहा कि रेस्क्यू किए गए बच्चों की निगरानी की जाएगी।

## सेशन जज चालिया ने कैदियों की समस्याएं सुनीं

■ सीजेएम-कम-सचिव पवन कुमार ने जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के चेयरमैन एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश डी.आर. चालिया तथा सीजेएम-कम-सचिव पवन कुमार ने मंगलवार को स्थानीय जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने कैदियों व हवालातियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जेल की विभिन्न बैरिकों का दौरा किया और वहां की व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने कैदियों से उनके मामलों की प्रगति, कानूनी सहायता की उपलब्धता और अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। अधिकारियों ने जेल परिसर में स्थापित कानूनी सहायता क्लीनिक का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि जरूरतमंद कैदियों को समय पर कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जाए ताकि वे न्यायिक प्रक्रिया में पीछे न रहें। टीम ने जेल अस्पताल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने वहां उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं, दवाइयों की उपलब्धता और डॉक्टरों की उपस्थिति की जांच की। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि कैदियों के स्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और बीमार कैदियों को समय पर उचित इलाज उपलब्ध कराया जाए। निरीक्षण के दौरान जेल के किचन का विशेष रूप से निरीक्षण किया गया।

## 31 को रात 12 बजे तक खुले रहेंगे खजाना कार्यालय और ट्रेजरी बैंक

**चरखी दादरी।** जिला खजाना अधिकारी मंजू ने जानकारी देते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के समापन के दृष्टिगत 31 मार्च को जिले के सभी खजाना/उप-खजाना कार्यालय एवं संबंधित ट्रेजरी बैंक देर रात 12 बजे तक खुले रहेंगे। यह निर्णय हरियाणा सरकार के खजाना एवं लेखा विभाग के निर्देशों के अनुपालन में लिया गया है, ताकि सभी सरकारी लेन-देन समय पर पूरे किए जा सकें। जिला खजाना अधिकारी मंजू ने बताया कि सभी संबंधित अधिकारियों को जिला प्रशासन की ओर से निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने अधीन खजाना कार्यालयों व बैंकों में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें, ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि लंबित भुगतानों, बिलों एवं अन्य वित्तीय कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूरा करना प्राथमिकता रहे।

## सब्जी मंडी व हालू बाजार क्षेत्र में पॉलीथिन प्रयोग पर तीन चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

**जेईई चंचल के नेतृत्व में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक सामग्री एवं पॉलीथिन का उपयोग रोकने को लेकर की कार्रवाई**

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड व नगर परिषद् की टीम ने जेईई चंचल के नेतृत्व में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक सामग्री एवं पॉलीथिन का उपयोग पर रोक लगाने एवं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से शहर में विभिन्न स्थानों पर अभियान चलाया गया।

इस दौरान सब्जी मंडी और हालू बाजार क्षेत्र में 75 हजार रुपये के तीन चालान काटे गए। पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी शैलेंद्र अरोड़ा ने बताया कि नप के साथ मिलकर शहर में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक सामग्री एवं पॉलीथिन के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान सब्जी मंडी और हालू बाजार क्षेत्र में छापेमारी की गई। प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक सामग्री एवं पॉलीथिन के प्रयोग करने पर तीन लोगों के चालान काटे गए और उन पर 75 हजार रुपये जुर्माना लगाया है। इस दौरान प्लास्टिक के दुष्प्रभाव भी बताए।

## बच्चों में राष्ट्रवाद एवं नैतिकता के बीज बोना शिक्षा का उद्देश्यः रमेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



भिवानी। आईटीबीपी के सब इंस्पेक्टर राजेश कुमार की स्मृति में श्रद्धांजलि रैली निकालते शिक्षक व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

देश की सीमाओं की रक्षा करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले आईटीबीपी के सब-इंस्पेक्टर राजेश कुमार की याद में मंगलवार को क्षेत्र का माहौल देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। कैरू स्थित बाबा मुंगीपा एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स स्कूल के छात्र-छात्राओं ने कैरू गांव के लाडले शहीद राजेश कुमार को श्रद्धांजलि देने को रैली का आयोजन किया। नन्हे-मुन्ने बच्चों के हाथों में तिरंगा व जुबां पर शहीद राजेश कुमार अमर रहें तथा भारत माता की जय के गगनभेदी नारों ने हर राहगीर की आंखें नम कर दी और जोश भर दिया। रैली की शुरुआत स्कूल परिसर से हुई, जो गांव के मुख्य मार्गों से होते हुए गुजरी।

### पहली अप्रैल को अभिभावकों के समक्ष तैयार होंगे एचपीसी कार्ड

# 'होलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड' से जांचा जाएगा ज्ञान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

परीक्षा समाप्त होने व अगली क्लास में प्रवेश के वक्त बच्चों का ज्ञान जांचने का फैसला लिया है। पहली बार शिक्षा विभाग बाल वाटिका तृतीय से लेकर पांचवीं कक्षा तक के बच्चों का एचपीसी(होलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड) अभिभावकों की मौजूदगी में तैयार करवाएगी। इस एचपीसी कार्ड के जरिए बच्चे के आसपास रहने वाले सहपाठियों, शिक्षकों, अभिभावकों से बच्चे के बारे में बारीकी से जानकारी के आधार पर ग्रेडिंग होगी। इसमें यह भी जानकारी दर्शाई जाएगी कि बच्चे का शिक्षा का स्तर कितना है।

इस आकलंन में केवल किताबी ज्ञान ही नहीं बल्कि कौशल विकास, खेल, कला और जीवन कौशल का मूल्यांकन भी शामिल होगा। इनके अलावा बच्चे का स्वयं का आकलन, सहकर्मियो(साथ पढ़ने वाले बच्चे) का फीडबैक, माता पिता की प्रतिक्रिया व शिक्षक का मूल्यांकन भी शामिल होगा। इसका उद्देश्य बच्चों की ताकत और सुधार के क्षेत्रों की पहचान करना है।



### वार्षिक परीक्षा परिणामों का उत्सव मनाया जाएगा

शिक्षा विभाग द्वारा भेजे गए आदेशों में कहा गया है कि वे मार्च माह के अंतिम सप्ताह से लेकर अप्रैल माह के पहले सप्ताह तक चलाए जा रहे प्रवेश उत्सव के दौरान एसएमसी के सदस्यों को शामिल करके संगठनों की भागीदारी करना सुनिश्चित करवाया जाए। इन उत्सवों में खेल आधारित कार्यक्रम,वार्षिक परीक्षा परिणामों का उत्सव मनाया जाए। इस दौरान जो कार्यवाही की जाती है। उन कर्त्तव्यों और जिम्मेदारियों पर चर्चा करना और अधिकारिक निपुण सोशल मीडिया चैनलों पर सांझा करके बाईटस एकत्रित की जाए।

**अधिकारी करेंगे स्कूलों का दौराः** भेजे निर्देशों में कहा गया है कि पीटीएम को प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के लिए सभी जिला, खंड स्तर के अधिकारी, संकुल कलस्टर, बीआरपी, एबीआरसी हरेक विद्यालय का दौरा करेंगे। पीटीएम के दौरान अभिभावकों से बातचीत करेंगे। तथा मॉनिटरिंग के बाद दिए गए निर्धारित फार्म पर अपनी टिप्पणी दर्ज करेंगे। जो कि निपुण हरियाणा के व्हाटसएप चैनल पर उपलब्ध रहेगा। इस पीटीएम मीटिंग के लिए शिक्षक पहले से ही तैयारी करेंगे।

## दुल्हेड़ी के डीबीएम स्कूल में वार्षिक उत्सव और पुरस्कार वितरण समारोह कल

**तोशाम।** डीबीएम इंटरनेशनल स्कूल दुल्हेड़ी में वार्षिक एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन 26 मार्च गुरुवार को किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह दस बजे शुरू होगा। समारोह के मुख्य अतिथि हरियाणा शिक्षा बोर्ड चेयमैन डॉ पवन कुमार होंगे। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में गजानंद अग्रवाल पूर्व सरपंच, बहल, रामावतार शर्मा प्रधान पीएसडब्लूए हरियाणा और विजय कुमार सांगवान खंड शिक्षा अधिकारी तोशाम उपस्थित रहेंगे।

**WOMEN COLLEGE OF EDUCATION**
**JHOJHU KALAN (CH. DADRI)**
**शुद्धि-पत्र**
दिनांक 18.03.2026 को प्रकाशित विज्ञापन जिसमें विभिन्न शिक्षक व गैर-शिक्षक कर्मचारियों के आवेदन मांगे गए हैं के सन्दर्भ में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि Librarian, Lab Assistant व Lab Attendants के लिए केवल महिला उम्मीद्वार ही इस विज्ञापन के तहत आवेदन करने के लिए योग्य हैं। पुरुष उम्मीद्वारों के आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। इसके साथ ही जहाँ regular basis लिखा गया है है उसे regular basis under Self Finance Scheme पढ़ा जाए।
9416524348, 9728542968, 9812940348 प्रधान



# लोगों को बस बोलने का बहाना चाहिए होता है : राकेश बेदी

**मुंबई।** राकेश बेदी इन दिनों फिल्म 'धुरंधर 2' को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। राकेश और उनकी सह-कलाकार सारा अर्जुन का एक वीडियो फिर से सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसमें वह सारा के कंधे पर किस करते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो पर अब राकेश ने अपनी प्रतिक्रिया दी है।उन्होंने कहा, 'लोगों को बस बोलने का बहाना चाहिए होता है। कुछ लोग तो बस कहते रहते हैं। शुक्र है, कई लोगों ने मेरा बचाव भी किया। 71 साल के मशहूर अभिनेता राकेश बेदी इन दिनों अपनी फिल्म 'धुरंधर 2' की सफलता का आनंद ले रहे हैं। फिल्म ने अब तक 500 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है। पिछले साल नवंबर में 'धुरंधर'के ट्रेलर लॉन्च के समय एक वीडियो वायरल हुआ था।

लाइफ Style



# अनीत

## रैंप वॉक और नए फैशन ने पिटवा दी भद

'सैयारा' फिल्म में अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाने वाली अनीत पड्डा की रैंप वॉक पर लोग तरह-तरह के कमेंट कर रहे हैं। उनकी एक्टिंग की तो खूब तारीफ हुई, लेकिन रैंप वॉक और नए फैशन ने भद पिटवा दी।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'सैयारा' फिल्म से हर दिल पर छाने वाली एक्ट्रेस अनीत पड्डा भले ही कितनी भी टैलेंटेड क्यों न हों, लेकिन एक्टिंग के अलावा जब बात रैंप वॉक की आती है तो उनकी भद पिट जाती है। 'पेरो' के लिए शो का समापन करने वाली अनीत पड्डा अपनी रैंप वॉक के वीडियो वायरल होने के तुरंत बाद ऑनलाइन चर्चा का केंद्र बन गईं। हालांकि, यह युवा एक्ट्रेस के लिए फैशन जगत में एक बड़ा पल था, लेकिन ऑनलाइन उन्हें लेकर अलग ही बातें हो रही हैं। उनके रैंप वॉक को लेकर फिर से लोग काफी कुछ कह रहे हैं। कुछ ही घंटों में, शोस्टॉपर वॉक ट्रेंडिंग टॉपिक बन गई, खासकर रेडिट और इंस्टाग्राम पर। अनीत पड्डा ने लैक्मे की 'जेन जी' एंबेसडर के रूप में एक नीले और सफेद रंग के ड्रेस में रैंप वॉक किया, जो पेरो की सिग्नेचर स्टाइल को दिखाता है। इस लुक में टेक्सचर्ड एप्लिक वर्क वाली ड्रेस के ऊपर एक क्रॉप जैकेट पहनी गई थी, जो सॉफ्ट स्ट्रक्चर, बारीक डिटेलिंग से तैयार की गई थी। यह आउटफिट ग्लैमरस ड्रामा के बजाय युवा और थोड़ा चंचल अंदाज में था, जो लेबल की डिजाइन शैली से मैच कर रहा था। हालांकि, कई लोगों को यह स्टाइल उतना पसंद नहीं आया जितना सोचा गया था।

हॉलीवुड मसाला



# रायन घोस्ट वॉर का टीजर रिलीज

**नई दिल्ली।** एंड्रयू बर्नस्टीन के निर्देशन में बनी फिल्म 'जैक रायनः घोस्ट वॉर' जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दस्तक देने वाली है। इस पॉलिटिकल एक्शन-थ्रिलर फिल्म में अभिनेता जॉन क्रासिंस्की एक बार फिर से सीआईए एनालिस्ट 'जैक रायन' के रूप में धमाकेदार एक्शन करते हुए एक नए और खतरनाक मिशन पर निकले हैं। हाल ही में प्राइम वीडियो ने इस मोस्ट अवेटेड फिल्म का टीजर रिलीज कर दिया है, जिसमें जैक रायन एक बार फिर से अपने पुराने फॉर्म में नजर आ रहे हैं।



# स्लॉटरहाउस-फाइव से की कॅरियर की शुरुआत...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री वैलेरी पेरिन के निधन से उनके फैंस आहत हैं। उनकी दोस्त ने उनके निधन की जानकारी देते हुए, उनकी अंतिम इच्छा के बारे में भी बताया है। दिग्गज अभिनेत्री वैलेरी पेरिन का 82 साल की उम्र में निधन हो गया। वो लेनी और 'सुपरमैन'जैसी फिल्मों में अपनी भूमिकाओं के लिए जानी जाती थीं। टेक्सास के गैल्वेस्टन में जन्मीं पेरिन ने फिल्म 'स्लॉटरहाउस-फाइव' से अपने फिल्मी कॅरियर की शुरुआत की। उनकी मां एक डांसर थीं और उनके पिता अमेरिकी सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल थे। वह दो बार प्लेबॉय मैगजीन में भी नजर आईं और 1973 में ब्रूस जे फ्रेडमैन के नाटक 'स्टीमबाथ' के पीबीएस प्रसारण के दौरान जानबूझकर न्यूड अमेरिकी टेलीविजन पर दिखाई देने वाली पहली अभिनेत्री के रूप में सुर्खियों में आईं।



# देसी गर्ल का ब्लैक ड्रेस में दिखा स्वैग...


**मुंबई।** प्रियंका चोपड़ा ने मिलान में आयोजित एक इवेंट में शिरकत की। जहां पर प्रियंका के अलावा हॉलीवुड स्टार ऐनी हैथवे और दुआ लिपा के अलावा कई स्टार्स ने अपने लुक से सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। प्रियंका चोपड़ा ने हाल ही में एक इवेंट में शिरकत की। इस दौरान प्रियंका ने ब्लैक स्ट्रैपलेस गाउन और स्लीक बन हेयरस्टाइल के साथ चमचाती ज्वेलरी में एक नया ट्रेंड सेट कर दिया है। इस इवेंट में प्रियंका के अलावा कई हॉलीवुड अभिनेत्रियां भी नजर आईं। यह पूरा इवेंट फैशन और ग्लैमर से भरा हुआ था, जिसमें हर कोई अपनी स्टाइल से सबका ध्यान खींच रहा था। हाल ही में एक ज्वेलरी ब्रांड ने इटली के मिलान शहर में अपना नया हाई-एंड कलेक्शन लॉन्च किया। यह इवेंट इतना शानदार था कि पूरा कार्यक्रम रेड कार्पेट जैसा लग रहा था।



# पैपराजी ने बहन को समझ लिया बीबी

**मुंबई।** फरदीन खान का एक वीडियो इस वक्त काफी चर्चा में है जिसमें उनके साथ नजर आ रही लेडी को लोग उनकी पत्नी बता रहे हैं। सोमवार को मुंबई में एक अवॉर्ड फंक्शन में पपाराजी के सामने पोज़ देते हुए फरदीन खान ने फाइनली लोगों की कन्फ्यूजन को दूर किया। दोनों कैमरे पर काले रंग के लिबास में ट्विनिंग करते दिखे। साथ में पोज़ देते हुए लोगों ने जिन्हें फरदीन खान की पत्नी बताया, उनके बारे में एक्टर ने कहा- ये बहन है, बीवी नहीं है। दरअसल, इस मौके पर फरदीन अपनी बहन लैला खान के साथ नज़र आए। पैपराजी ने लैला को फरदीन की पत्नी समझ लिया। फरदीन एक वीडियो में उनकी इसी गलती को सुधारते दिख रहे हैं। वीडियो में फरदीन कहते दिख रहे हैं, 'ये बहन है मेरी, बीवी नहीं।

टीवी मसाला



# इन कलाकारों ने 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' को कहा अलविदा

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' टीवी के सबसे मशहूर शोज में से एक है। यह पिछले 18 वर्षों से दर्शकों की पसंद बना हुआ है। कई मशहूर कलाकारों ने किसी वजह से इस शो को छोड़ दिया। कुछ कलाकारों को कहीं काम नहीं मिला, कुछ ने खुद काम नहीं किया है। मोनिका भदौरिया ने 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के मेकर्स पर टॉर्चर करने और बुरा बर्ताव करने का इल्जाम लगाया था। इसके बाद उन्होंने शो से दूरी बना ली। इसके बाद वह किसी शो का हिस्सा नहीं बन सकीं। इन दिनों वह सोशल मीडिया पर अपने फोटो और वीडियो शेयर करती हैं। जेनिफर मिस्त्री बंसीवाल ने प्रोड्यूसर असित मोदी पर संगीन इल्जाम लगाए थे। इसके बाद उन्होंने शो को अलविदा कह दिया था। शो छोड़ने के बाद उन्हें काम नहीं मिल रहा। बताया जाता है कि वह अपने करियर के बुरे दौर से भी गुजरीं। अब वह सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर हैं। वह फनी वीडियो बनाती हैं। दिशा वकानी यानी दयाबेन ने साल 2017 में मैटरनिटी लीव के लिए 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' से ब्रेक लिया था। वह दो बच्चों की मां बन गईं। हालांकि उन्होंने दोबारा शो नहीं ज्वाइन किया। फिल्हाल वह एक्टिंग से दूर हैं। वह बच्चों और घर को संभाल रही हैं। गुरुचरण सिंह ने 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' को 2018 में अलविदा कहा था। उन्होंने अपने पिता की देखभाल के लिए ब्रेक लिया था। इसके बाद वह किसी शो का हिस्सा नहीं बन पाए। इन दिनों वह दिल्ली में एक रेस्टोरेंट चला रहे हैं। शो में शैलेश लोढ़ा ने तारक मेहता का रोल प्ले किया था। उनके भी असित मोदी के साथ रिश्ते खराब हो गए थे। मेकर्स के साथ फीस को लेकर उनकी अनबन हो गई थी। शो छोड़ने के बाद उन्होंने दूसरे शो 'वाह भाई वाह' को होस्ट किया।

## द ट्रेटर्स के दूसरे सीजन की शूटिंग शुरू

**नई दिल्ली।** करण जौहर के रियलिटी शो 'द ट्रेटर्स' के दूसरे सीजन की शूटिंग राजस्थान में शुरू हो गई है। इस हाई-स्टेक वाले साइकोलॉजिकल




रियलिटी फॉर्मेट के लिए कंटेस्टेंट्स का एक नया ग्रुप जैसलमेर पहुंच गया है। यह शो मशहूर पार्टी गेम 'माफिया' पर आधारित है। इस बार 'द ट्रेटर्स सीजन 2' में कई 'बिग बॉस' विनर्स हिस्सा लेने वाले हैं। इसमें एल्विश, श्वेता तिवारी, मुनव्वर फारूकी से लेकर रुबीना दिलैक तक के नाम हैं। हालांकि, अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। बताया जाता है 'द ट्रेटर्स 2' की शूटिंग लगभग 14 दिनों तक चलेगी। रिपोर्ट में 'द ट्रेटर्स सीजन 2' के कई अन्य कंटेस्टेंट्स के नाम का खुलासा किया गया है। इनमें 'बिग बॉस' से अथाह शोहरत पाने वाले यूट्यूबर अभिषेक मल्हान का भी नाम है।

# इस हफ्ते रिलीज होंगी हेल मैरी समेत ये हॉलीवुड एक्शन और थ्रिलर फिल्में

**मुंबई।** बॉलीवुड की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'धुरंधर द रिवेंज' रिलीज हो चुकी है। मगर आने वाले हफ्ते में हॉलीवुड में भी एक के बाद एक हाई ऑक्टेन एक्शन और थ्रिलर फिल्में रिलीज होने वाली है। जिनमें से एक का दर्शक काफी समय से इंतजार कर रहे थे।

**दे विल किल यू** : फिल्म 'दे विल किल यू' एक एक्शन, कॉमेडी फिल्म है। जिसमें एक पूर्व कैदी महिला का किरदार दिखाया है। वह एक हाउसहेल्प की जॉब के लिए न्यूयॉर्क शहर के रहस्यमय इलाके में पहुंचती है। जहां लोगों के गायब होने की घटनाएं घट रही हैं। वहां जा कर एशिया रीव्स के साथ बहुत कुछ अप्रत्याशित होता है। कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यह फिल्म 27 मार्च को रिलीज होगी। फिल्म में जाजी बीट्ज, मायहाला, पैटरसन जोसेफ, टॉम फेल्टन मुख्य किरदार हैं।

**फॉर्बिड्न फ्रूट** : 'फॉर्बिड्न फ्रूट' एक कॉमेडी हॉरर फिल्म है। कहानी में एप्पल, चेरी और फिग नाम की जादूगरनियों साथ मिलकर अपना एक ग्रुप चलाती हैं। बाद में पम्पकिन नाम का एक किरदार उनसे जुड़ जाती है। जिसके बाद उन सब के बीच अफरा- तफरी मचा देती है। इस किरदार के आने से उन सब के बीच संदेह पैदा हो जाता है। फिल्म 27 मार्च को रिलीज होने वाली है। लिली रेनहार्ट, लोला टंग, विक्टोरिया पेड्रेटी, एलेक्जेंड्रा शिप, एम्मा चेम्बरलेन इस फिल्म में अहम भूमिका में नजर आएंगे।





**शी डांसेस** : शी डांसेस बहुत ही मार्मिक विषय पर बात करती है। पिता और बेटी के रिश्ते पर बेस्ड इस फिल्म में एक सिंगल पिता अपनी टीन एज बेटी से पहली मुलाकात करता है। जिसके बाद अपने और बेटी के संबंध सुधारने के लिए उसके साथ एक नृत्य प्रतियोगिता में उसे साथ ले जाने का फैसला करता है। यह कॉमेडी ड्रामा फिल्म 27 मार्च को रिलीज होगी। एथन हॉक, सोनेक्वा मार्टिन-ग्रीन, मैकेंजी ज़िग्लर, रोजमेरी डेविट कास्ट में हैं। फिल्म को रिक गोमेज ने निर्देशित किया है।

**द एआई डॉकः या हाउ आई बिकेम एन एपोकालोप्टिमिस्ट** : साइंस और एआई में रूचि रखने वालों के लिए यह फिल्म काफी इंट्रेस्टिंग है। डैनियल रोहर एक ऐसे समय में पिता बनना चाहता है जब एआई मानव जीवन पर हावी है। इस क्रम में वो एआई के दोनों पहलुओं को देखता है। सिर्फ यह जानने के लिए कि वो किस वातावरण में अपने बच्चे का स्वागत करेगा। द एआई डॉक एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म है जिसका निर्देशन खुद डैनियल रोहर ने चार्ली टायरेल के साथ मिलकर किया है।

# रैपर बादशाह ने ईशा के साथ गुपचुप तरीके से रचाई शादी

*मुंबई। चर्चित सिंगर और रैपर बादशाह ने शादी रचा ली है। बादशाह की शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। सिंगर ने ईशा रिखी के साथ गुपचुप तरीके से शादी रचाई है। यह बादशाह की दूसरी शादी है। इससे पहले उन्होंने जैस्मिन मसीह से शादी की थी। हालांकि, छह साल पहले दोनों का तलाक हो चुका है। अब ईशा के साथ उन्होंने जिंदगी का नया सफर शुरू किया है। बादशाह जहां म्यूजिक की दुनिया का बड़ा नाम हैं, वहीं उनकी दुल्हनिया ईशा रिखी का सिक्का अभिनय की दुनिया में चलता है। वे मॉडल और एक्ट्रेस हैं। ईशा रिखी का जन्म 9 सितंबर 1993 को चंडीगढ़ में हुआ था। उनकी स्कूलिंग चंडीगढ़ से ही हुई है। वहीं, से पंजाब यूनिवर्सिटी से बैचलर डिग्री हासिल की। 12वीं क्लास में ईशा ने मॉडलिंग शुरू कर दी थी।*



## 1978 के बाद बदला स्टारडम का पूरा गेम

# बिग बी की वो फिल्में, जिन्होंने छीन ली थी काका की नींद

*नई दिल्ली। 70 का दशक बॉलीवुड के पहले सुपरस्टार राजेश खन्ना के लिए एक सपने जैसा था, लेकिन अमिताभ बच्चन की लगातार 20 सफल फिल्मों ने इसे एक डरावनी सच्चाई में बदल दिया। 1973 की 'जंजीर' से शुरू हुआ यह ट्रेंड 1978 की 'मुकद्दर का सिकंदर' तक बॉलीवुड को पूरी तरह से बदल चुका था। इन फिल्मों की सफलता ने राजेश खन्ना के मन में स्टारडम खोने का ऐसा डर पैदा कर दिया।*

### एंग्री यंग मैन

अमिताभ बच्चन की उन 20 लैंडमार्क फिल्मों ने न सिर्फ बॉक्स ऑफिस के समीकरण बदले, बल्कि राजेश खन्ना के 'चॉकलेटी रोमांस' के दौर को भी खत्म कर दिया और 'एंग्री यंग मैन' के सुनहरे दौर की शुरुआत की। कहानी शुरू होती है 1973 से, जब राजेश खन्ना बॉक्स ऑफिस पर छाए हुए थे। लेकिन फिर, 'जंजीर' से पुलिस की वर्दी पहने एक 'एंग्री यंग मैन' ने ऐसी धूम मचाई कि पूरा सिस्टम हिल गया।

### घर-घर में हो गए मशहूर

इसके तुरंत बाद, ऋषिकेश मुखर्जी की 'नमक हराम' आई, जिसमें राजेश खन्ना के सामने खड़े अमिताभ ने शो चुरा लिया और कहा जाता है कि तभी पहली बार 'काका' को अपना स्टारडम खोने का डर सताने लगा। उसी साल अमिताभ ने अभिमान में एक कलाकार के ईगो की कहानी कहकर दर्शकों के दिलों में गहरी जगह बनाई. अगले दो सालों में अमिताभ बच्चन ने थ्रिलर और ड्रामा का कॉकटेल पेश किया, जिससे वह मजबूर, कसौटी और बेनाम जैसी फिल्मों से घर-घर में मशहूर हो गए।



### बॉलीवुड का बेताज बादशाह

आखिरकार, 1978 वह 'गोल्डन ईयर' बन गया जिसने पूरी तरह से खेल बदल दिया। 'डॉन' के रूप में, उन्होंने अंडरवर्ल्ड का ऐसा अकड़ दिखाया कि दुनिया दीवानी हो गई, जबकि त्रिशूल में अपने पिता के खिलाफ खड़े एक बागी बेटे के रूप में उनकी दहाड़ ने राजेश खन्ना की बची-खुची हिम्मत को चकनाचूर कर दिया। उसी साल कसमे वादे में अमिताभ बच्चन के डबल रोल और मुकद्दर का सिकंदर में उनके बलिदान, जिसमें सिकंदर जोहराबाई के कोठे पर मर जाता है, ने अमिताभ बच्चन को बॉलीवुड का बेताज बादशाह बना दिया।

### एक्टिंग की वर्सटैलिटी दिखाया

*1975 वह साल था जिसने बॉलीवुड के इतिहास को बांट दिया। एक तरफ 'दीवार' में अमिताभ बच्चन के 'आज खुश तो बहुत होगे तुम' ने राजेश खन्ना के 'चॉकलेट रोमांस' के ताबूत में आखिरी कील ठोक दी, तो दूसरी तरफ 'शोले' की सुनामी ने उन्हें 'सिक्का उछालने वाले' के तौर पर स्थापित कर दिया। उसी साल 'जमीर' और 'मिली' जैसी फिल्मों ने उनकी एक्टिंग की वर्सटैलिटी को दिखाया। 1970 के दशक के आगे बढ़ने के साथ, राजेश खन्ना को सोलो फिल्में पाने के लिए संघर्ष करना पड़ा, जबकि अमिताभ बच्चन ने मल्टी-स्टारर फिल्मों के साथ बॉक्स ऑफिस पर राज किया।*

### बैक-टू-बैक हिट फिल्में

*दो अनजाने में बदले की आग और हेरा फेरी की मस्ती ने उन्हें युवाओं का पसंदीदा बना दिया। फिर 1977 में अमर अकबर एंथनी ने कॉमेडी और कमर्शियल सिनेमा के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। इसने परवरिश, खून पसीना और अदालत जैसी बैक-टू-बैक हिट फिल्मों के साथ, राजेश खन्ना को एहसास दिलाया कि वह दौर जब सिर्फ 'गर्दन टेढ़ी करके मुस्कुराने' से फिल्में बन जाती थीं, अब खत्म हो गया है।*

## खबर संक्षेप

### आनंद स्कूल में समर कैंप का हुआ आयोजन

**बवानीखेड़ा।** आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस, मिलकपुर में 24 मार्च से 31 मार्च 2026 तक समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस कैंप में नर्सरी से लेकर आठवीं कक्षा तक के सभी विद्यार्थी उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। 24 मार्च को कैंप का शुभारंभ विद्यालय के प्रिंसिपल नीतीश मिश्र द्वारा किया गया। उन्होंने कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर कैंप को सुव्यवस्थित एवं रोचक बनाने पर विशेष ध्यान दिया।

### धर्मसेना के पदाधिकारियों ने शहीदों को किया नमन

**तोशाम।** सोमवार को शहीदी दिवस की संध्या पर धर्मसेना भिवानी के पदाधिकारियों ने तोशाम के शहीदी पार्क में आयोजित शहीदी दिवस समारोह में महान- क्रांतिकारी अमर शहीदों के स्मृति स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान मौजूद विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों ने देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर बलिदानी भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को शहीद दिवस पर कोटि कोटि नमन किया।

### सर्व कल्याण मंच ने किया पौधारोपण

**बवानीखेड़ा।** बवानीखेड़ा स्थित डेरा बाबा जरनानाथ में प्रदेश के चर्चित सर्व कल्याण मंच की टीम द्वारा मंच के अध्यक्ष नवीन कौशिक के नेतृत्व में शहीदी दिवस पर शहीदों के नाम एक त्रिवेणी लगाई। जिसमें डेरा बाबा जरना नाथ डेरे के महंत बाबा विचार नाथ ने कहा कि सर्व कल्याण मंच के अध्यक्ष नवीन कौशिक द्वारा अनूठा कार्य किया जा रहा है जिसमें रक्तदान शिविर, बेटियों के नाम पर मकान के आगे नेम प्लेट, सामाजिक धार्मिक कार्यक्रमों में उपस्थिति जैसे साहसिक कार्य अनूठी मिसाल कायम किए जुए हैं।

### संतोष गर्ग ने 5 टीबी मरीजों को गोद लिया

**बहल।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बहल में मंगलवार को विश्व टीबी दिवस के अवसर पर निक्षय दिवस मनाया गया। इस दौरान टीबी मरीजों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया और उन्हें पोषण सहायता प्रदान की गई।

कार्यक्रम में समाजसेवी संतोष गर्ग ने सराहनीय पहल करते हुए 5 टीबी मरीजों को गोद लिया तथा उन्हें निक्षय पोषण माह के तहत पोषण किट वितरित की।

### फरटिया के नेतृत्व में लोगों ने कांग्रेस में जताई आस्था

**लोहारू।** कांग्रेस विधायक राजबीर फरटिया ने कहा कि कांग्रेस पार्टी मूल्यों और सिद्धांत की राजनीति करती है और कांग्रेस प्रत्येक कार्यकर्ता के बराबर का सम्मान मिलता है। विधायक राजबीर फरटिया लोहारू अश्विनी कॉलोनी में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान कई दर्जन लोगों राजबीर फरटिया के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी में आस्था जाहिर की। आयोजित कार्यक्रम के दौरान कन्हैया लाल सैनी, हरपाल सिंह, रामसिंह सैनी, सुभाष सैनी, अमित डालमिया, राजेराम सैनी, अशोक कुमार, पवन शर्मा, विजय कुमार, रामस्वरूप, देवकरण सोलंकी आदि कांग्रेस में आस्था जताई।

### शिविर में 52 यूनिट रक्त किया संग्रहित

**बाढ़ड़ा।** शहीद-ए-आजम भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरु के बलिदान दिवस पर रक्तदान शिविर एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र के युवाओं, नागरिकों एवं छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा कुल 52 लोगों ने रक्तदान कर मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मुख्यतिथि के रूप में समाजसेवी एवं मदर टेरेसा इंटरनेशनल अवार्डी सत्यप्रकाश सांगवान, विशिष्ट अतिथि एसडीएम योगेश सैनी ने शिरकत की। मुख्यतिथि सांगवान ने कहा कि शिक्षा व्यक्ति को नई दिशा देती है और खेल युवाओं में अनुशासन व आत्मविश्वास का विकास करते हैं। वहीं विशिष्ट अतिथि एसडीएम योगेश सैनी ने कहा कि शिक्षा के महत्व एवं जिम्मेदार नागरिक बनने पर जोर दिया।

---

छठी से आठवीं तक के बच्चों को स्कूल में बुलाया जा रहा

# घुसकानी में 'बदलाव की पाठशाला' ने बदल दिए पढ़ाई के तौर-तरीके परीक्षा खत्म होने के बाद स्कूल में खेल-खेल में दी जा रही है तालीम

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

कुछ स्कूलों में वार्षिक परीक्षा खत्म हो चली तो कुछेक में एक दो दिन की परीक्षा बकाया है। परीक्षा खतम होने के बाद बच्चे घर पर मौज मस्ती कर रहे है। वहीं घुसकानी सरकारी स्कूल ऐसा है। जहां पर बदलाव की पाठशाला के तहत बच्चों को खेल खेल में शिक्षा के अलावा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, बच्चों की कैचिंग पॉवर बढाने, खेलों के बारे में जानकारी देने के लिए छठी से आठवीं तक के बच्चों को स्कूल में बुलाया जा रहा है। एक दो घंटे शैक्षणिक गतिविधियों के बाद बच्चों को वापस घर भेजा जा रहा है। इससे बच्चों का स्कूल से जुड़ाव भी बना रहेगा,बल्कि उक्त बच्चे ही पड़ौस में रहने वाले बच्चों को सरकारी स्कूल में दाखिला लेने के लिए प्रेरित भी करेंगे। यहां यह बताते चले कि उक्त स्कूल में बदलाव की पाठशाला कार्यक्रम शारीरिक शिक्षक विनोद पींकू ने संचालित कर रखी है। वह बच्चों को खेल के मैदान में खिलाने के बाद किसी भी विषय के सामान्य ज्ञान व खेल खेल में बच्चों को शिक्षा देने के अभियान में जुटा है। उनके इस अभियान से अनेक बच्चों का ज्ञान का स्तर सुधर चुका है। उसी वजह से बच्चे वार्षिक परीक्षा खत्तम होने के बाद भी स्कूल में पहुंच रहे है।

## शारीरिक शिक्षक विनोद बच्चों को दे रहे हैं तरह-तरह का ज्ञान, सुलेख पर जोर

**बच्चों का बढ़ा स्कूल के प्रति रुझान**

गांव के सरकारी स्कूल में बदलाव की पाठशाला के सकारात्मक नतीजे आ रहे है। उक्त पाठशाला में शारीरिक शिक्षक विनोद बच्चों को शिक्षा, संबंधित सब्जेक्ट व अन्य शैक्षणिक गतिविधियों के आधार ज्ञान बढा रहे है। पढ़ने के तौर तरीके तथा बेहतरीन ढंग से सुलेख लिखने के बारे में भी विस्तार से जानकारी दे रहे है। जब बच्चे का पढाई से मन भर जाता है तो वे बच्चों के हिसाब से खेल के मैदान में खिलाते है। इनके अलावा बच्चों की किसी मंच से बोलने की भी झिझक खतम करने के लिए उनकी प्रतियोगिता भी आयोजित करवाई जा रही है। ताकि भविष्य में बच्चे किसी भी मंच से बोलने में पीछे न हटे।



भिवानी। खेल -खेल में बच्चों को सामान्य ज्ञान की जानकारी देते हुए। फोटो: हरिभूमि

**अभी से मिल रहे हैं सकारात्मक परिणाम**

इस बारे में घुसकानी स्कूल में तैनात पीटीआई मास्टर विनोद पींकू ने बताया कि बदलाव की पाठशाला के सकारात्मक परिणाम मिले है। वे बच्चों को सुलेख सुधारने, मंच से भाषण देने व अन्य गतिविधियां करवा रहे है। जिसके सुखद परिणाम सामने आने लगे है। सुलेख सुधारने के प्रयास के तहत अनेक बच्चों ने बेहतरीन लिखाई लिखनी आरंभ कर दी। जिस विषय के बारे में पढाया जाता है। उस विषय व लेशन के छोटे प्रश्न व उनके जवाब तैयार करने की विधि बताई जा रही है। जिससे बच्चों ने लेशन पढने के बाद अपने आप सवाल तैयार कर रहे है। यह बदलाव की पाठशाला का ही परिणाम है।

---

रसोई छोड़कर महिलाओं को लगना पड़ रहा लाइन में

# घरेलू गैस सिलेंडरों की मारामारी गृहणियों के लिए समस्या भारी

अमेरिका, इजराइल-ईरान के बीच चल रहे युद्ध का असर साफ दिखने लगा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

अमेरिका, इजराइल-ईरान के बीच चल रहे युद्ध का असर बवानीखेड़ा में साफ दिखने लगा है। गैस सिलेंडर की कमी के चलते बवानीखेड़ा में मारामारी मची हुई है। सबसे बडी समस्या महिलाओं के साथ हो रही है। महिलाओं को रसोई छोड़कर गैस सिलेंडर के लिए एजेंसियों पर पहुंचना पड़ रहा है। घंटों लाइनों में लगे होने के बावजदू महिलाओं को गैस के सिलेंडर नहीं मिल पा रहे है। दूसरी तरफ रसोई गैस की किल्लत को लेकर पूर्व पार्षद एवं अधिवक्ता मीना चौपड़ा ने एजेंसी संचालक अशोक बंसल से मुलाकात की। उन्होंने हर व्यक्ति को समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाने की मांग की। जिस पर एजेंसी संचालक ने भरोसा दिलाया कि जल्द ही गैस की समस्या का खतम हो जाएगी। अफवाहों की वजह से गैस लेने वालों की लाइनें लम्बी हो रही है। पूर्व पार्षद मीना चौपड़ा ने बताया कि अगर जल्द ही समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे सीएम व राज्यपाल को ज्ञापन प्रेषित कर क्षेत्र की गैस सिलेंडरों की कमी की समस्या का समाधान करवाए जाने की मांग करेगी।


भिवानी। बवानीखेड़ा में लगी गैस सिलेंडर लेने वालों की लाइन। फोटो: हरिभूमि

**साढ़ं छह बजे महिलाएं पहुंच रहीं एजेंसी पर**

वहां पर लाइनों में लगी महिलाओं ने पूर्व पार्षद एवं अधिवक्ता मीना चौपड़ा व कैप्टेन ईशवर सिंह काजल को बताया कि वे सुबह साढे छह बजे एजेंसी के समक्ष पहुंच जाती है। उस वक्त भी यहां पर लोग लाइनों में खड़े मिलते है। वे घंटों तक लाइनों में खड़ी रहती है। जब उनका नम्बर आता है तो कहा जाता है कि अब गैस सिलेंडर खत्म हो चुके है। वे गैस के लिए कल आना। फिलहाल खेतों में फसल की कटाई का कार्य चल रहा है। ऐसे में वे किस तरह से रोजाना गैस सिलेंडरों के लिए यहां पर पहुंचे। साथ में उनकी रसोई घर का बजट भी गडबड़ा गया है। उन्होंने सरकार से जल्द ही इस गैस की समस्या से निजात दिलाए जाने की मांग की।

---

# युवाओं ने बुजुर्गों को किया सम्मानित

- काकड़ौली हुक्मी में खेल समिति की सराहनीय पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭बाढ़ड़ा

काकड़ौली हुक्मी गांव खेल समिति द्वारा किए जा रहे प्रयासों से गांव में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। समिति के कार्यों ने विशेष रूप से युवाओं के बीच नई ऊर्जा और जागरूकता का संचार किया है। गांव के युवाओं ने गांव के शिक्षा, सेना, खेलों में अग्रणी कार्य कर नाम रोशन करने वाले बुजुर्गो का अभिनंदन कर गांव को नशामुक्त करने का संकल्प लिया। सामाजिक कार्यकर्ता संजीव काकड़ौली ने बताया कि समिति का मुख्य उद्देश्य गांव में खेलों को बढ़ावा देना और युवाओं को नशे जैसी बुरी आदतों से दूर रखना है। इस अवसर पर ओम शर्मा, जयभगवान शर्मा, जयवीर सोलंकी, टोनी, प्रदीप होलदार, मोनू, प्रवेश पंच आदि मौजूद रहे।


बाढ़ड़ा। काकड़ौली हुक्मी में बुजुर्ग खिलाड़ियों का अभिनंदन करते ग्रामीण।

---

## 31 मार्च से एक अप्रैल तक होगा उन्नत सिंचाई उत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

- प्रदर्शनी के माध्यम से किसानों को टपका/सूक्ष्म सिंचाई पद्घति के बारे में किया जाएगा जागरूक

किसानों में टपका/सूक्ष्म सिंचाई पद्घति के बारे में जागरूकता लाने को लेकर प्रदेश की सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी द्वारा मी-काढ़ा विभाग व ईरीगेशन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में 31 मार्च से एक अप्रैल तक कस्बा तोशाम में उन्नत सिंचाई उत्सव का आयोजन करवाया जा रहा है। कार्यक्रम में सूक्ष्म सिंचाई उपकरणों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। कार्यक्रम का शुभारंभ 31 मार्च को प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा किया जाना प्रस्तावित है। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर डीसी साहिल गुप्ता की अध्यक्षता में डीआरडीए सभागार में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई, जिसमें डीसी श्री गुप्ता ने आवश्यक प्रबंधों को लेकर जरूरी निर्देश दिए। 25 मार्च को 11 बजे तोशाम की अनाज मंडी का मौका निरीक्षण किया जाएगा।

## जरूरतमंद बेटी की शादी में सर्वसमाज ने बढ़ाया सहयोग का हाथ

**चरखी दादरी।** भारतीय प्रजापति हिरोज ऑर्गेनाइजेशन ने समाजसेवा की प्रेरणादायक मिसाल पेश करते हुए दादरी जिले के गांव ढाणी फौगाट में जरूरतमंद परिवार की बेटी की शादी में आर्थिक व आवश्यक घरेलू सामान देकर सहयोग किया। यह सराहनीय पहल झांसी की रानी प्रेरणा समूह की प्रदेश अध्यक्षा प्रियंका प्रजापति के नेतृत्व में संपन्न हुई। इस दौरान संगठन की ओर से नवविवाहित जोड़े को दैनिक उपयोग के घरेलू सामान भेंट किए, जिसमें पूरे प्रदेश से सर्वसमाज का सहयोग रहा।

---

## अखंड ज्योत मनुष्य की अंतरात्मा को जागृत करने का कार्य करती: कृष्णानंद

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

- मां दुर्गा की शक्ति एवं नारी सम्मान का प्रतीक हैं नवरात्रि: स्वामी कृष्णानंद

तपोभूमि परमहंस योग आश्रम की साध्वी स्वामी कृष्णानंद सरस्वती ने नवरात्रि पर भक्तों को संबोधित किया और पर्व के आध्यात्मिक एवं सामाजिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नवरात्रि केवल उपवास का त्योहार नहीं, बल्कि मां दुर्गा की शक्ति को आत्मसात करने और समाज में नारी शक्ति के सम्मान का संकल्प लेने का समय है। स्वामी ने बताया कि नवरात्रि के दौरान जो अखंड ज्योत प्रज्ज्वलित की जाती है, वह वास्तव में भक्ति रूपी ज्योत है, ये ज्योति मनुष्य की सोई हुई अंतरात्मा को जागृत करने का कार्य करती है। स्वामी कृष्णानंद ने कहा कि जो मनुष्य अध्यात्म में मन लगाता है, उसे अपने भीतर अलौकिक शक्ति का अहसास होता है। यही शक्ति व्यक्ति को आदर्श जीवन जीने और संयमित रहने की प्रेरणा देती है। प्रत्येक मनुष्य को सत्कर्म करते हुए अपने जीवन को एक मिसाल (आदर्श) बनाना चाहिए। स्वामी कृष्णानंद ने नवरात्रि के सामाजिक पहलू पर जोर देते हुए कहा कि हम मां दुर्गा को माता मानकर पूजते हैं और नवमी के दिन कन्या पूजन करते हैं।


भिवानी। तपोभूमि परमहंस योग आश्रम में अखंड ज्योत जलाता श्रद्धालु।

---

# धीरे-धीरे खुलता सरकारी ...

- यहीं कहीं पर खो गया स्माइल वाला प्यार.. शैलजा सिंह
- विवेकानन्द सभागार में महंत चरणदास के सानिध्य में कवि सम्मेलन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

युवा जागृति एवं जनकल्याण मिशन ट्रस्ट और शहीद स्मृति सभा द्वारा सरदार भगत सिंह, सुखदेव राजगुरु के बलिदान दिवस की पूर्व संध्या पर हनुमान ढाणी स्थित जोहड़ीवाला हनुमान मंदिर के विवेकानन्द सभागार में महंत चरणदास के सानिध्य में आयोजित कवि सम्मेलन देशभक्ति की बयार बही। कवियों ने अपनी रचनाओं के जरिए श्रोताओं में देशभक्ति की भावना जागृत कर दी।

कवि सम्मेलन में गीत हास्य शैली में अपनी प्रस्तुती देने वाली शैलजा सिंह जितने भी गीत प्रस्तुत किए वो सामयिक और प्रेरणास्पद रहे। कवि सम्मेलन में शैलजा सिंह की रचनाओं को खूब तालियां मिली। कवि सम्मेलन में कवियों ने कभी माहौल को गंभीर तो कभी श्रोताओं को हंसने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर समाजसेवी डीवी ढिल्लो मुख्य अतिथि थे। स्वागत अध्यक्ष के रूप में सिविल सर्जन डॉ रघुवीर शांडिल्य ने अतिथियों का स्वागत किया। कवि सम्मेलन में कवियों ने वर्तमान व्यवस्था को लेकर अपने अपने ढंग से अपने अपने रंग में बात कही। हास्य कवियों ने व्यवस्था पर तीखे कटाक्ष किए। कार्यक्रम को अधिक ऊँचाई मिली कवि सम्मेलन की शुरुआत प्रतापगढ़ से आई श्रृंगार रस की कवयित्री मीरा कुमारी ने सरस्वती वंदना से की। उनकी पंक्तियां थी- वीणा मधुर बजा दो माँ मैं मतिअंध मूड अज्ञानी दया कर ऐ माँ। कल्याणी। मीरा की एक रचना की ये पंक्तियां भी खूब पसंद की गई।



भिवानी। आयोजित कवि सम्मेलन में अपनी प्रस्तुती देते हुए। फोटो: हरिभूमि

**प्रेम में जो...**

कवि शिवम कुमार आजाद ने अपनी पंक्तियां इस अंदाज में पढ़ी देश के प्रेम में जो कि खोई नहीं, जिसने बलिदानों की पीर ढोई नहीं।। करीब 5 घंटे तक चले कवि। सम्मेलन में श्रोता कवि गंभीर हुए तो कभी तालियां बजाने लगे। कभी हँसी ठाठे लगे तो कभी हँसी की फुहार भी खिलती नजर आई। कवि सम्मेलन में डॉ॰ रमाकांत शर्मा, पुरुषोत्तम पुष्प, प्रवीण गर्ग व विश्व हिंदू परिषद के प्रदीप बंसल विशेष रूप से उपस्थित हुए।

---

## स्वयंसेविकाओं को आपदा प्रबंधन एवं प्राथमिक सहायता का दिया प्रशिक्षण



**भिवानी।** भविष्य की किसी भी अनहोनी या आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए युवाओं को तैयार करने के उद्देश्य से राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में एक दिवसीय आपदा प्रबंधन एवं प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हुआ। कार्यक्रम रेडक्रॉस अध्यक्ष साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन एवं रैडक्रॉस सचिव प्रदीप कुमार के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें कॉलेज की यूथ रेडक्रॉस की लगभग 100 स्वयंसेविकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान फर्स्ट एड प्रवक्ता संजय कुमार ने छात्राओं को व्यवहारिक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि

- किसी विपदा से बचने की तैयारी ही सबसे बड़ा बचाव: सचिव प्रदीप

दुर्घटना के समय अस्पताल पहुंचने से पहले शुरुआती मिनट किसी का जीवन बचाने के लिए सबसे महत्वपूर्ण होते हैं। उन्होंने स्वयंसेविकाओं को दिल का दौरा पड़ने पर हृदय को पुनः सक्रिय करने की तकनीक, गंभीर चोट लगने पर खून बहने से रोकने के तरीके, हड्डी टूटने की स्थिति में अंगों को स्थिर करना व स्ट्रेचर न होने पर घायल को सुरक्षित स्थान तक ले जाने की विधियां सहित आपदाओं से बचने एवं मदद के तरीके बताए।

---

### ट्रेडिशनल चैंपियनशिप में यश परमार का चयन

**भिवानी।** गांव कलिंगा स्थित स्पोर्ट्स अकादमी के 10 होनहार खिलाडियों ने अपनी प्रतिभा के दम पर 38वीं जूनियर नेशनल नेटबॉल चैंपियनशिप के लिए हरियाणा और उत्तर प्रदेश की टीमों में अपनी जगह पक्की कर ली है। अकादमी और कलिंगा गांव के खिलाड़ियों ने जिला स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य की टीम में स्थान बनाया है, जिसमें ट्रेडिशनल चैंपियनशिप में यश परमार, फास्ट फाइव में तरुण परमार तथा फास्ट फाइव में लवली और कशिश का चयन हुआ है। अकादमी में अन्य राज्यों के खिलाड़ी भी प्रशिक्षण ले रहे हैं। उत्तर प्रदेश से यहां आकर छात्रावास में रह रहे खिलाडियों ने भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। वहीं अभी देशवाल का ट्रेडिशनल चैंपियनशिप उत्तर प्रदेश के लिए चयन हुआ।

---

**उपलब्धि** संदीप ने वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में नाम करवाया दर्ज

# संदीप ने 51 घंटे 51 मिनट में पूरी की 230 किलोमीटर दौड़, ग्रामीणों ने किया सम्मानित

- बाबा रामचंद्र पुरी, बाबा सावल नाथ के आशीर्वाद को दिया श्रेय

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

गांव लोहरवाड़ा की ग्राम पंचायत ने समस्त ग्रामीणों के सहयोग से सम्मान समारोह का आयोजन किया। आयोजन की अध्यक्षता सरपंच रणधीर ढांडा ने की। कार्यक्रम के दौरान अपने हौंसले व शारीरिक प्रतिभा के दम पर लगातार दो दिन से अधिक दौड़ लगाकर खाटू श्रीश्याम धाम पहुंचे गांव के प्रतिभावान संदीप की उपलब्धि पर उन्हें सम्मानित किया। संदीप ने अपनी उपलब्धि का श्रेय बाबा खाटू श्रीश्याम लोहरवाड़ा के प्राचीन मंदिर बाबा रामचंद्र पुरी, बाबा सावल नाथ के आशीर्वाद को दिया है।



चरखी दादरी। संदीप को सम्मानित करते ग्रामीण। फोटो: हरिभूमि

**4 दिसंबर 2025 को शुरू की थी दौड़**

संदीप ने बाबा खाटू श्रीश्याम राजस्थान तक 230 किलोमीटर लगातार 51 घंटे 51 मिनट तक दौड़ लगाकर वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज करवाया है। संदीप ने दौड़ 4 दिसंबर 2025 को शुरू की थी, 6 दिसंबर को संपन्न हुई। 38 वर्षीय संदीप खेती-बाड़ी का काम करता है। उन्होंने युवाओं को हर प्रकार के नशों से दूर रहने का आह्वान किया। आयोजन के दौरान विशेष रूप से सहभागिता करते हुए भाजपा युवा नेता मोनू धनखड़ ने युवाओं को अपनी उर्जा व शक्ति को देश हित व सकारात्मक कार्यों में लगाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नशा, व्यसन व अन्य बुराई विनाश का कारण बनती है। खासकर आज की युवा पीढी जिस प्रकार से तेजी से नशों व अन्य बुराईयों के तरफ आसानी से अग्रसर हो जाती है उनके जाल में फंस जाती है, ये अत्यंत ही चिंताजनक है, इसलिए युवा यथासंभव इन सभी चीजों से दूर रहे व अपने बुजुर्गों के अनुभवों का लाभ लेते हुए अपनी उर्जा को देश के लिए सकारात्मक प्रयोग में लाए। इस मौके पर सुरजभान, गुगनराम, कपूरसिंह, पारस, महाबीर, जयप्रकाश, जयसिह, बालकिशन, नरेन्द्र, सुरेन्द्र, रोशनलाल जांगड़ा, पवन, अश्वनी, अजय, दीपक, मोनू, अमित, राहुल, राजेश सोनी व मनीष ऐरन आदि का सहयोग रहा।

---

### शिविर में 137 लोगों ने करवाई स्वास्थ्य जांच

**भिवानी।** भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ के निर्देशानुसार उपायुक्त एवं रैडक्रॉस अध्यक्ष साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में टीबी दिवस के उपलक्ष्य पर जिला रैडक्रॉस सोसायटी भिवानी द्वारा स्थानीय दादरी गेट स्थित सोहनलाल मैमोरियल धर्मशाला ट्रस्ट में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर (क्षय रोग) आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ सचिव रेड क्रॉस प्रदीप कुमार ने किया। कार्यक्रम के दौरान सचिव रैड क्रॉस प्रदीप कुमार ने बताया कि केंद्र सरकार व राज्य सरकार टीबी मुक्त भारत बनाने के लक्ष्य के साथ काम कर रही है, जिस व्यक्ति को लंबे समय लगातार बुखार, वजन कम होना टीबी के लक्षण होते है। और इसके लिए जाँच शिविर आयोजित किए जाते है।

## खबर संक्षेप

### जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक आज

**चरखी दादरी।** जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक बुधवार 25 मार्च को आयोजित की जाएगी, जिसकी अध्यक्षता प्रदेश के कृषि एवं किसान मंत्री श्याम सिंह राणा करेंगे। उपायुक्त डॉ मुनीश नागपाल ने बताया कि 25 मार्च को आयोजित होने वाली जिला लोक संकर्प एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में कुल 12 मामले रखें जाएंगे, जिनमें से 4 पुराने और 8 नए हैं। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री मामलों की सुनवाई करेंगे।

### बापोड़ा में अप्रैल माह की सेवाएं शुरू

**भिवानी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिवानी द्वारा आमजन, विशेषकर सैनिक परिवारों को कानूनी सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से जिला सैनिक बोर्ड, भिवानी में लीगल एड क्लीनिक स्थापित किया गया है। बापोड़ा में लीगल केयर एंड सपोर्ट संेटर शुरू किया गया है। इन सेंटरों पर अप्रैल माह के लिए अधिवक्ता व पीएलवीएस की नियुक्ति कर दी गई है। जो नागरिकों को कानूनी जानकारी देंगे। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव पवन कुमार ने बताया कि नालसा के निर्देशानुसार वीर परिवार सहायता योजना के तहत 26 जुलाई 2025 को जिला सैनिक बोर्डों में लीगल एड क्लीनिक स्थापित किए गए हैं।

### जिले में की जा रही गैस सिलेंडरों की निगरानी

**चरखी दादरी।** जिला में गैस सिलेंडर की कोई कमी नहीं है। मांग के मुकाबले लगभग दस गुणा सिलेंडर उपलब्ध हैं। ऐसे में किसी को भी गैस सिलेंडर की कमी को लेकर अफवाहों पर ध्यान देने की जरूरत नहीं है। उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपल के निर्देशों पर गठित टीमें लगातार निगरानी भी कर रही हैं और सभी एजेंसियों में जाकर स्टॉक का मिलान भी जारी है।

### 252 दिनों से किसानों का धरना जारी

**लोहारू।** करोड़ों रुपयों के बकाया फसल बीमा क्लेम के भुगतान के लिए इलाके के किसान संयुक्त किसान मोर्चे के बैनर तले पिछले 252 दिनों से धरने पर बैठे हैं, बावजूद इसके किसानों को जोश कम नही हुआ है। अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे किसानों ने कहा कि उन्होंने धरने पर बैठे बैठे बरसाती सीजन और कड़ाके ठंड भी झेल ली है। उनका होसला कम नही हुआ है। वे बीमा क्लेम राशि मिलने तक धरने पर डटे रहेंगे। किसानों ने सरकार और प्रशासन के प्रति काफी रोष देखने को मिला।

### निर्धारित पैमानों पर हो सरसों व गेहूं की खरीद

**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता ने सरसों व गेहूं की खरीद को लेकर डीआरडीए सभागार में संबंधित विभागों की बैठक ली। डीसी गुप्ता ने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार 28 मार्च से 6200 रुपये एमएसपी पर सरसों की सरकारी खरीद शुरू होगी। एक अप्रैल से 2585 रूपए एमएसपी पर गेहूं की खरीद शुरू होगी। उन्होंने निर्देश दिए कि खरीद प्रक्रिया सरकार द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार हो। किसानों को फसल सुखाकर लाने के लिए प्रेरित करें।

## मेले की चाक-चौबंद व्यवस्था को लेकर प्रशासन अलर्ट

# गांव देवसर में आज सप्तमी रात्रि को लगेगा मां भवानी का मेला

**सौ सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में रहेंगे श्रद्धालु, मेले की हर गतिविधि पर रहेगी पैनी नजर**

राकेश भटठी ▶▶| भिवानी

गत 19 मार्च गुरुवार से शुरू हुए चैत्र नवरात्रों से ही माता मंदिरों में श्रद्धालुओं की अच्छी खासी भीड़ लग रही हैं। शहर के लाइनपार मां दुर्गा मंदिर व नया बाजार स्थित भोजावाली देवी माता मंदिर सहित अनेक मंदिर नवरात्रों में माता रानी के जयकारों से गूंजयामान हो रहे । वहीं भिवानी शहर के करीब सात किलोमीटर दूर गांव देवसर धाम स्थित मां भवानी मंदिर में आज सप्तमी रात्रि को मां भवानी का मेला लगेगा, जिसमें लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचेंगे और मां भवानी के दर्शन कर परिवार की सुख समृद्धि की कामना करेंगे। मेले को लेकर श्रीदुर्गा मंदिर ट्रस्ट ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। मंदिर परिसर में करीब सौ सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, वहीं स्टेडियम सहित तीन जगहों पर वाहन पार्किंग की व्यवस्था की हैं। मेले में सुरक्षा दृष्टि से प्रशासन ने 100-150 पुलिसकर्मी-होमगार्ड तथा श्रीदुर्गा मंदिर ट्रस्ट ने गांव के 200 युवा वालंटियर्स की तैनाती की हैं, जो मेले व्यवस्था चाक-चौबंद रखेंगे।

उल्लेखनीय हैं कि गांव देवसर स्थित मां भवानी मंदिर में वैसे तो पहले ही नवरात्र से श्रद्धालु पहुंचते हैं और मां भवानी के दर्शन कर माता रानी से परिवार की सुख समृद्धि की कामना करते हैं। देवसर पहाड़ी स्थित मां भवानी मंदिर में आज सप्तमी रात्रि को मेला लगेगा, जो नौवीं तक चलेगा, जिसमें चार से पांच लाख श्रद्धालुओं की पहुंचने की उम्मीद हैं।




**भिवानी।** देवसर धाम में मां भवानी के दर्शन करते श्रद्धालु व देवसर धाम में सजा मां भवानी का दरबार। *फोटो : हरिभूमि*

### 150 पुलिसकर्मी-होमगार्ड, 200 युवा वालंटियर्स तैनात

श्रीदुर्गा मंदिर ट्रस्ट ने मां भवानी के मेले की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। मंदिर परिसर से लेकर स्टेडियम पार्किंग तक करीब सौ सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जो मेले में आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु पर पैनी नजर रखेंगे। मंदिर ट्रस्ट की तरफ से स्टेडियम सहित तीन जगहों पर वाहन पार्किंग की व्यवस्था की गई हैं, जहां पर पुलिसकर्मी होमगार्ड व गांव के युवा वालंटियर्स ट्रैफिक व्यवस्था बनाएंगे। इसके साथ ही मेले में सुरक्षा दृष्टि से प्रशासन ने 100-150 पुलिसकर्मी-होमगार्ड तथा श्रीदुर्गा मंदिर ट्रस्ट ने गांव के 200 युवा वालंटियर्स की तैनाती की हैं, जो मेले व्यवस्था चाक-चौबंद रखेंगे। मंदिर के पुजारी कंवरपाल ने बताया कि हर वर्ष की भांति मेले में लाखों की भीड़ उमड़ेगी। हरियाणा प्रदेश के कोने-कोने के अलावा कलकत्ता, मुम्बई, चैन्नई, छतीसगढ़, उड़ीसा, उत्तर प्रदेश, बिहार, दिल्ली, पंजाब, राजस्थान, गुजरात व बैंगलोर से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ेगी। इसके साथ ही मंदिर में मां भवानी के दर्शनों के लिए बुजुर्ग, दिव्यांग व चलने में समर्थ श्रद्धालुओं के लिए लिफ्ट सुविधा हैं, जो सीधे माता के दरबार में खुलती हैं।

### 20 धर्मशालाओं में करीब 500 कमरों की व्यवस्था

पुजारी कंवरपाल ने बताया कि मंदिर परिसर में करीब 20 धर्मशालाओं में करीब 500 कमरों की व्यवस्था हैं, जिसमें बाहर से आने वाले यात्री ट्रस्ट द्वारा निर्धारित शुल्क पर ठहर सकते हैं। धर्मशालाओं में एयर कंडीसनर कमरे भी हैं, जिससे गर्मी के मौसम में श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई दिक्कत नहीं रहेगी। धर्मशालाओं में साफ-सफाई का पूर्णरुप से विशेष ध्यान रखा जा रहा हैं।

### मां दुर्गा मंदिर व भोजावाली मंदिर में लगेंगे मेले

शहर के लाइनपार स्थित दुर्गा कॉलोनी में मां दुर्गा मंदिर में अष्टमी 26 मार्च गुरुवार को मेले का आयोजन होगा, जिसमें श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी। मां दुर्गा मंदिर में श्रद्धालुओं द्वारा सैंकड़ों की संख्या में अखंड ज्योतें जलाई गई हैं। वहीं नया बाजार स्थित भोजावाली देवी माता मंदिर में नौवीं के दिन मेला लगेगा, जिसमें दूर दराज से श्रद्धालु पहुंचकर माता रानी से प्रार्थना करेंगे।

### तीन जगहों पर बनाई पार्किंग

गांव देवसर के मां भवानी मंदिर के निकट स्थित खेल स्टेडियम में वाहन पार्किंग की व्यवस्था की गई हैं। डीएसपी लोहारू संजीव कुमार की देखरेख में करीब 150 पुलिसकर्मी-होमगार्ड मंदिर परिसर से देवसर मोड़ तक तैनात किए गए हैं।

# टीबी उन्मूलन में पंचायतों की सराहनीय भूमिका: उपायुक्त




**चरखी दादरी।** ग्राम पंचायतों को सम्मानित करते उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल।

- टीबी मरीजों को सरकारी योजनाओं की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

उपायुक्त डॉ मुनीश नागपाल ने जिला के लोगों का आह्वान किया कि वे निक्षय मित्र बनकर टीबी रोग से पीड़ित मरीजों का सहारा बनें तथा उन्हें मानसिक एवं सामाजिक सहयोग प्रदान करें, जिससे उनके जीवन में नई उम्मीद जाग सके। उपायुक्त लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित टीबी मुक्त पंचायत अभियान सम्मान समारोह में उल्लेखनीय कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों को सम्मानित करने के उपरांत उन्हें संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में वर्ष 2024-2025 और 2025-26 के लिए जिला की 27 ग्राम पंचायतों को सिल्वर व कांस्य अवार्ड से सम्मानित किया गया।

अवार्ड प्राप्त करने वाली पंचायतों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि टीबी मुक्त भारत अभियान में जिला की इन ग्राम पंचायतों ने सराहनीय भूमिका निभाई है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य टीबी उन्मूलन के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाली पंचायतों को चिन्हित कर उन्हें प्रोत्साहित करना है।

उन्होंने कहा कि यद्यपि टीबी एक गंभीर बीमारी है, लेकिन इसका पूर्ण उपचार संभव है। सभी अपने परिवार एवं समाज को इस रोग से बचाने के लिए जागरूकता फैलाएं और टीबी मुक्त भारत के निर्माण में सक्रिय योगदान दें।

### सामूहिक प्रयास

उपायुक्त ने कहा कि टीबी उन्मूलन एक सामूहिक प्रयास है, जिसमें पंचायतों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने सभी सरपंचों, पंचों एवं जनप्रतिनिधियों से आह्वान किया कि वे टीबी रोग की समय पर पहचान, उपचार एवं जागरूकता के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने 'निक्षय मित्र' अभियान के तहत टीबी मरीजों को पोषण किट उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया, ताकि मरीजों के शीघ्र स्वस्थ होने में सहायता मिल सके।

# भव्य, दीपांशु और प्रीतम ने जीते पदक

- सभी खिलाड़ियों के लिए एक प्रेरणा है, विजेता खिलाड़ियों की उपलब्धि : कोच नीरज उर्फ चुना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

मिनी क्यूब फॉर्थ यूथ मेन हरियाणा बॉक्सिंग चैंपियनशिप-2026 में भिवानी के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए दो स्वर्ण व कांस्य पदक जीता। चैंपियनशिप महम में गत 18 से 21 मार्च तक संपन्न हुई, जिसमें खिलाड़ियों ने भिवानी की खेल झोली में एक और गौरवशाली अध्याय जोड़ दिया है।

भव्य ने 75 किलोग्राम भारवर्ग में गोल्ड, दीपांशु ने 50 किलोग्राम में गोल्ड तथा प्रीतम ने 70 किलोग्राम में ब्रॉन्ज मेडल जीता। खिलाड़ियों ने चैंपियनशिप में खेल तकनीक और मानसिक मजबूती का परिचय देते हुए दोहरी उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने कड़े मुकाबलों के बीच शीर्ष खिलाडियों को भी चुनौती दी है। उन्होंने स्वर्ण व कांस्य पदक जीतकर जिले का मान बढ़ाया। खिलाड़ियों की सफलता का श्रेय कोच नीरज चुना, सचिव अजीत फौजी मिर्च व सभी सीनियर खिलाड़ियों का भी उपलब्धि में बहुत बड़ा योगदान रहा है।



**भिवानी।** कोच के साथ पदक विजेता खिलाड़ी। *फोटो : हरिभूमि*

### हर खेल के लिए जुनून

कोच ने कहा कि खिलाड़ियों की सफलता केवल पदक नहीं है, बल्कि यह उन सभी खिलाडियों के लिए एक प्रेरणा है जो बाधाओं को पार करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि भिवानी को अक्सर बॉक्सिंग के लिए जाना जाता है, इन खिलाड़ियों ने ये स्पष्ट कर दिया कि यहां की मिट्टी में हर खेल के लिए जुनून है। उन्होंने कहा कि बॉक्सिंग के खिलाड़ी आज राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवा रहे है तथा अपने परिजनों के साथ-साथ क्षेत्र को भी राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गौरवांवित कर रहे हैं।

# पक्षियों के लिए आगे आए विधायक सकोरे-घोंसलों की करवाई व्यवस्था

- बढ़ती गर्मी में पक्षियों को पानी और सुरक्षित आश्रय की सख्त जरूरत : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

भीषण गर्मी के चलते जहां आमजन के साथ-साथ पशु-पक्षियों का जीवन भी प्रभावित हो रहा है, वहीं दादरी के विधायक सुनील सांगवान ने एक सराहनीय पहल की है। उन्होंने दादरी निवास पर अपनी माता सदाकौर के सहयोग से पक्षियों के लिए पानी के सकोरे और घोंसलों की व्यवस्था करवाई।

विधायक सुनील सांगवान ने कहा कि बढ़ती गर्मी में पक्षियों को पानी और सुरक्षित आश्रय की सख्त जरूरत होती है। ऐसे में यह छोटा सा प्रयास प्रकृति और जीव-जंतुओं के प्रति हमारी संवेदनशीलता का प्रतीक है। उन्होंने लोगों से भी अपील की कि वे अपने घरों, छतों व आसपास के स्थानों पर पक्षियों के लिए पानी और दाना अवश्य रखें, ताकि गर्मी के मौसम में उन्हें राहत मिल सके।

उन्होंने कहा कि समाज के हर व्यक्ति को पर्यावरण संरक्षण और जीव-जंतुओं की सुरक्षा के लिए आगे आना चाहिए।



**चरखीदादरी।** पक्षियों के लिए पानी के सकोरे रखते विधायक सुनील सांगवान ।



### पांचवीं कक्षा में दिव्या ने मारी बाजी

**भिवानी।** श्रीराम पाठशाला का वार्षिक परीक्षा परिणाम मंगलवार को घोषित किया। परिणाम के अनुसार पांचवी कक्षा में दिव्या ने प्रथम, कीर्ति ने द्वितीय और अभय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चौथी में शिव, रितिक व चांदनी, तीसरी में शिवानी, भानु व अमीषा क्रमशः पहले दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। दूसरी में सबर ने पहले अमृता ने दूसरा और अंकित ने तीसरा तथा पहली कक्षा में आसमान, अलशिफा और वर्षा ने पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। यूकेजी गर्ल्स में रचना, गीताश्री और कामना तथा बॉयज में करण, सरबाज और हार्दिक पहले दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। नर्सरी में देवांगी ने पहला, नैना ने दूसरा तथा गरिमा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया और प्री नर्सरी में आयुष दैविक और जेसिका प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। सभी कक्षाओं में एक-एक विद्यार्थी को अनुशासन एवं उपस्थिति में प्रथम पुरस्कृत दिया। श्रीराम पाठशाला चैरिटी ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेंद्र जैन एडवोकेट ने सभी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी।

### श्रमिक सुरक्षा अभियान चलाया

**चरखी दादरी ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से श्रमिक सुरक्षा अभियान की शुरुआत की गई है। पैनल पीएलवी राजेश सोनी, अधिकार रक्षक रोहतास शर्मा द्वारा दादरी के गांव मांढी पिरानू के बस अड्डा, चौपाल, स्कूल, ग्रामीणों को महिला एवं पुरुष तथा युवाओं के साथ-साथ खेत में कार्य कर रहे मजदूर के मौलिक अधिकार सुरक्षा जागरूक अभियान के तहत श्रमिक को सुरक्षा के बारे में अवगत कराया और उन्हें बताया भवन निर्माण कामगार में आप जब भी भवन निर्माण सडक निर्माण हेतु कार्य करें।

सर्वप्रथम आप अपनी सुरक्षा रखें , श्रमिक अपने सिर पर हेलमेट ,पांव में जुते, हाथों में दस्ताने एवं जहां आप कार्य कर रहे हैं। वहां पर प्राथमिक चिकित्सा बॉक्स तथा शौचालय इत्यादि की व्यवस्था होनी चाहिए। श्रमिक अपने ठेकेदारों के तहत या किसी भवन के मालिक के मार्गदर्शन में कार्य करते हैं तो अपना रखरखाव भी जरूर रखें।



**चरखीदादरी।** मजदूरों के मौलिक अधिकारों की जानकारी देते पीएलवी रोहताश शर्मा।



**बवानीखेड़ा।** बेटियों के नाम की नेम प्लेट लगाकर सम्मानित करते हुए।

### बेटियों के नाम की प्लेट लगाई

**बवानीखेड़ा।** बवानीखेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव ढाणी खुशहाल में सर्व कल्याण मंच द्वारा आयोजित हर घर बेटी के नाम प्लेट अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक कपूर वाल्मीकि, सर्व कल्याण मंच के अध्यक्ष नवीन कौशिक, नपा प्रधान सुंदर अत्री, मार्केट कमेटी चेयरमैन राजू हंस ने उपस्थिति दर्ज कराई। मौजूद सभी ने सर्व कल्याण मंच के अध्यक्ष नवीन कौशिक के साथ मिलकर घरों पर बेटियों के नाम की प्लेट लगाई। विधायक कपूर वाल्मीकि ने बताया कि सराहनीय पहल समाज में बेटियों के सम्मान, समानता और सशक्तिकरण का सशक्त संदेश देती है। सर्व कल्याण मंच के अध्यक्ष नवीन कौशिक ने बताया कि सभी के सहयोग से आज मंच खंड, जिले व राज्य में अपनी अलग पहचान बनाए हुए है।

### किसान-मजदूर जन आक्रोश रैली में पहुंचे

**भिवानी।** मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी के आह्वान पर जनता की विभिन्न मांगों को लेकर दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित जन आक्रोश रैली में विभिन्न साधनों के माध्यम से भिवानी, दादरी व महेंद्रगढ़ जिलों से सैंकड़ों किसान मजदूर पहुंचे। माकपा के राज्य सचिव मंडल सदस्य व जिला कमेटी सचिव कामरेड ओमप्रकाश ने बताया कि दिल्ली में आयोजित जनआक्रोश रैली का उदेश्य किसानों को लाभकरी न्यूनतम समर्थन मूल्य दिलवाने, बिजली निजीकरण व बीज विधेयक रद्द करवाने, किसानों की बर्बाद फसलों के लिए बकाया मुआवजा व बीमा क्लेम दिलवाने हेतु, मजदूरों पर थौंपे गए चार कोड रद्द करवाने आदि को लेकर की गई थी।

## उपायुक्त ने की रबी खरीद सीजन की तैयारियों की समीक्षा

# सभी खरीद मंडियों में उपलब्ध हों मूलभूत सुविधाएं: उपायुक्त

**एसडीएम अपने क्षेत्र में स्थित मंडियों का दौरा कर आवश्यक सुविधाएं जांचें**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

उपायुक्त डॉ मुनीश नागपाल ने सरकारी खरीद एजेंसियों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे रबी खरीद सीजन 2026-27 के लिए मंडियों में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाये। एसडीएम अपने क्षेत्र में स्थित मंडियों का दौरा कर आवश्यक सुविधाएं जांचे और आवश्यकता अनुसार सभी प्रबंध करवाएं ताकि खरीद सीजन के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। सरसों की खरीद 28 मार्च और गेहूं खरीद का कार्य एक अप्रैल से शुरू होगा।

डीसी लघु सचिवालय स्थित सभागार में रबी खरीद सीजन की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मंडियों सफाई, पेयजल और शौचालयों की व्यवस्था हो। उन्होंने कहा कि आढ़ती तिरपालों की व्यवस्था रखें।



**भिवानी।** रबी खरीद सीजन की तैयारियों की समीक्षा करते उपायुक्त ।

### किसान के वाहन का फोटो होगा

उन्होंने सभी मंडियों के अलावा खरीद केंद्रों में उपलब्ध स्थान के साथ-साथ गेहूं भंडारण के बारे में भी समीक्षा की। सरकार के निर्देशानुसार मंडी में फसल लेकर पहुंचने वाले किसान के वाहन का फोटो होगा, जिसे पोर्टल पर अपलोड करने के उपरांत गेट पास जारी होगा। बायोमेट्रिक फसल बेचने के समय होगी। उन्होंने अधिकारियों को इस संदर्भ में सभी आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मार्केट कमेटी द्वारा सभी मंडियों में किसान सहायता केंद्र खोले जाएं तथा कर्मचारी की नियुक्ति भी की जाए। उपायुक्त ने मार्केट कमेटी को निर्देश दिए कि वे यह प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें कि मंडियों में सभी मूलभूत आवश्यकताएं उपलब्ध करवा दी गई है। मंडी के मुख्य प्रवेश द्वार पर सीसीटीवी कैमरे फंक्शनल हो। इसके अलावा मुख्य प्रवेश द्वार पर कंप्यूटर व प्रिंटर की व्यवस्था भी करवाई जाए ताकि गेट पास जारी करने में असुविधा न हो। उन्होंने कृषि उप निदेशक को निर्देश देते हुए कहा कि किसानों का खातों सहित पूर्ण ब्यौरा मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर अपडेट करें ताकि किसानों को अदायगी करते समय किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पडें। उन्होंने कहा कि सभी खरीद एजेंसियां एवं मार्केट कमेटी के सचिव यह सुनिश्चित करें कि खरीद की गई सभी ढेरियों का इंद्राज एच रजिस्टर में हो।

# किसानों और आढ़तियों ने फसल खरीद के नियमों का किया विरोध

- एसडीएम को ज्ञापन देकर तत्काल प्रभाव से खरीद शुरू करवाने की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढ़ड़ा

प्रदेश सरकार व मार्केट कमेटी द्वारा रबी सीजन की फसलों की खरीद पर नई शर्ते लागू करने पर किसान संगठनों व आढ़तियों का पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया है। किसान संगठनों के पदाधिकारियों ने एसडीएम कार्यालय के माध्यम से मुख्यमंत्री व कृषि मंत्री को मांगपत्र भेजकर लागू की गई शर्तो को वापस लेकर तत्काल प्रभाव से खरीद शुरू करने की मांग की। कस्बे की जुई रोड स्थित अनाजमंडी परिसर में किसान नेता राजकुमार हड़ौदी की अध्यक्षता में आयोजित किसानों व आढ़तियों की बैठक में सरकार द्वारा रबी सीजन की गेहूं व सरसों आदि फसलों की सरकारी खरीद में मनमानी शर्ते थोपने पर कड़ा रोष जताया। किसान नेता मास्टर रघुबीर श्योराण व नसीब मोद ने कहा कि सरकारी खरीद एजेंसियों भोलेभाले किसानों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे हैं जो न्यायसंगत नहीं है। खरीद में नंबर प्लेट से लेकर आनलाइन जीपीएस सिस्टम प्रयोग करने की बात कही गई है जो संभव नहीं है। छोटे किसानों के पास ट्रैक्टर ट्राली संभव नहीं है।



**बाढ़ड़ा।** एसडीएम कार्यालय प्रवाचक को मांगपत्र सौंपते किसान व आढ़ती।